# पेड़ धरती का श्रृंगार, ममतापूर्ण तरीके से करें लालन पोषण : मदन दिलावर



सिवना रायपुरिया में स्वामी विवेकानंद मूर्ति का अनावरण शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। सुमतिनाथ जैन संघ रायुपरिया के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया में नवीनीकृत 8 कक्षा-कक्षों तथा भामाशाह स्व. चुन्नी बाई पत्नी भूरमलजी श्रीमाल परिवार के सहयोग से निर्मित सारणेश्वर महादेव पैवेलियन का लोकार्पण समारोह गुरूवार को राज्य के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जबकि उक्त मूर्ति का अनावरण कुछ दिन पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक द्वारा किया जा चुका है। इसके बावजूद दुबारा अनावरण शिक्षा मंत्री के हाथो से करवाया दियाा वही उक्त कार्यक्रम में आहोर व जालोर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता का मौजूद नहीं रहना भी चर्चा का विषय बना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावनर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जालोर जिले के भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में पढ़-लिखकर आगे बढ़ने एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की बात कही। उन्होंने सुमतिनाथ जैन संघ रायुपरिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया में 8 कक्षा-कक्षों के नवीनीकरण तथा भामाशाह स्व. चुन्नी बाई पत्नी भूरमलजी श्रीमाल परिवार द्वारा सारणेश्वर महादेव पैवेलियन निर्माण करवाने पर भामाशाहों का आभार जताते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए 'हरियालो राजस्थान' व 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत मानसून के दौरान अधिकाधिक पौधारोपण करने की बात कहते हुए कहा कि पेड़ धरती का श्रृंगार है इनका माँ के समान ममतापूर्ण तरीके से लालन पोषण करते हुए उनकी देखभाल करें। उन्होंने भारत में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने व स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की बात कही तथा विद्यार्थियों को पढ़-लिखकर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया के नवीनीकृत 8 कमरों व श्री सारणेश्वर महादेव पैवेलियन का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के परिवाद सुनकर उनके निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। वही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सिवणा-रायपुरिया सर्किल जय आबूराज सेवा फाउंडेशन मुम्बई द्वारा निर्मित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया तथा नमन करते हुए उपस्थित लोगों को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन, जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी प्रदीप मायला, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक मुनेश मीणा सहित गणमान्य नागरिक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मूर्ति का अनावरण होने के बाद दुबारा शिक्षा मंत्री के हाथो से करवाया, भाजपा जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय - जालोर के निकट सिवना रायपुरिया सर्किल पर स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण करने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पहुंचो लेकिन इस कार्यक्रम में भाजपा के जालोर व आहोर विधायक के नही पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा।

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री के साथ नजर नही आये। इसके अलावा जिस मूर्ति का अनावरण करने शिक्षा मंत्री जालोर पहुंचे, उस मूर्ति का अनावरण कुछ दिन पूर्व ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजाराम के हाथो से किया जा चुका था, इसके बावजूद राजनीतिक कारण के चलते दुबारा मूर्ति का अनावरण शिक्षा मंत्री के हाथो से गुरुवार को किया गया, लेकिन जालोर में दिनभर बारिश के चलते कार्यक्रम असफल रहा।

# हाईकोर्ट ने देवीसिंह मर्डर केस के तीनों आरोपी बरी किए

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने पाली के फालना में देवीसिंह मर्डर केस में अहम फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों फालना निवासी हिम्मत सिंह, उसकी पत्नी पदम कंवर और बेटे यशपाल सिंह को बरी कर दिया है।


जस्टिस मनोज कुमार गर्ग और जस्टिस रवि चिरानिया की पीठ ने पुलिस जांच में गंभीर लापरवाही और सबूत जुटाने में नाकाम रहने का कथन किया है। इससे पहले कोर्ट ने 11 अगस्त की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे 20 अगस्त को सुनाया गया। देवीसिंह की मौत से पहले जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल में दिए गए आखिरी बयान पर न तो हस्ताक्षर थे और न ही अंगूठा निशान लिए गए थे। वहीं, डॉक्टर का स्पष्ट प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं था कि मृतक मानसिक और शारीरिक रूप से बयान देने योग्य था। इसके अलावा, मजिस्ट्रेट की उपस्थिति भी नहीं थी। इतना ही नहीं, पुलिस पांच गवाहों को भी पक्षद्रोही होने से नहीं रोक पाई।

मामले की शुरुआत 24 अगस्त 2012 को हुई जब देवीसिंह को झुलसी अवस्था में महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया। उसी दौरान पुलिस ने देवीसिंह के बयान लिए थे। देवी सिंह के अनुसार वह 18 अगस्त 2012 को बैंगलोर से यात्रा करके 20 अगस्त 2012 को अहमदाबाद पहुंचा, जहां से वह फालना गया था, क्योंकि उसकी पत्नी सुमन कंवर अपने छह महीने के बच्चे को छोड़कर भाग गई थी। देवीसिंह द्वारा बताया गया कि उसने अपने ससुर हिम्मत सिंह से संपर्क किया और उन्होंने कहा कि वह बच्चे को लेकर फालना आए। 20 अगस्त 2012 को शाम 5 बजे के करीब वह फालना पहुंचा और अपने ससुराल गया, जहां उसने चाय पी। जब वह जाने लगा तो उसकी सास पदम कंवर और साले यशपाल ने उसके हाथ पकड़ लिए और उसका ससुर उसके पीछे खड़ा था। उसी समय किसी ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पड़ोसियों ने उसे बचाया और अस्पताल लाकर भर्ती कराया। मेडिकल एविडेंस के संबंध में पुलिस ने 80 प्रतिशत जलने के मामले में शॉक के कारण होने वाले भ्रम की संभावना को गंभीरता से नहीं लिया, जबकि डॉक्टर अनुज सिंह ने माना था कि इतने गंभीर जलने के मामले में मरीज को भ्रम हो सकता है। पुलिस ने इस महत्वपूर्ण तथ्य को नजरअंदाज किया। इसके साथ ही डॉ. संजय बेदी ने पुष्टि की थी कि घटना के समय देवी सिंह नशे में था, लेकिन पुलिस ने इस महत्वपूर्ण साक्ष्य का उचित विश्लेषण नहीं किया। पुलिस की सबसे बड़ी विफलता यह रही कि वो गवाहों को पक्षद्रोही होने से रोकने में असफल रही। पांच स्वतंत्र गवाह ओमप्रकाश, ओम पुरी, मदन सिंह, भोपाल सिंह और विक्रम सिंह पलट गए। गवाहों को धमकी या दबाव से बचाने के लिए कोई विशेष सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। पुलिस गवाहों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने में भी असफल रही।

मृतक के पिता बाबूसिंह, चाचा जगदीश सिंह और मां काकू देवी के बयानों से भी पुलिस कोई स्पष्ट मकसद साबित नहीं कर सकी। पुलिस ने मृतक देवी सिंह और सुमन कंवर के प्रेम विवाह को मकसद बताया गया, लेकिन यह पर्याप्त साक्ष्य नहीं था। विडंबना यह भी थी कि सुमन कंवर ने खुद अपने पति के खिलाफ धारा 498-ए के तहत केस दर्ज कराया था। पाली के अतिरिक्त सेशन जज ने 19 मार्च 2016 को तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया था। पुलिस द्वारा पेश किए गए 23 गवाहों के बयानों के आधार पर धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और 2,000 रुपए जुर्माना तथा धारा 341 के तहत एक महीने का कारावास की सजा सुनाई गई थी जिसमें दोनों सजाएं एक साथ चलने का आदेश था।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अपराध सिद्ध करने में असफल रहा है। कोर्ट ने मकसद के अभाव, पक्षद्रोही गवाहियों, मृतक की नशे की स्थिति और आरोपियों की जलने की चोटों के अस्पष्टीकृत होने पर चिंता जताई। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि पुलिस कार्रवाई हिम्मत सिंह की रिपोर्ट पर शुरू हुई थी, न कि मृतक के बयान के आधार पर। हाईकोर्ट ने यशपाल सिंह को तुरंत जेल से रिहा करने का आदेश दिया है, जबकि हिम्मत सिंह व पदम कंवर के बेल बॉन्ड रद्द कर दिए हैं। इन तीनों को एक महीने के भीतर 50,000 रुपए का व्यक्तिगत बॉन्ड और समान राशि की जमानत देनी होगी जो छह महीने तक प्रभावी रहेगी।

# कराटे चॅम्पियनशिप में शुभ दहिया ने सिल्वर जीता



जापान स्थित कुमामोटो शहर मे आयोजित अन्तरराष्ट्रीय स्तर की कराटे चॅम्पियनशिप में मारवाड़ के शुभ दहिया ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

**जोधपुर**, (कासं)। जापान स्थित कुमामोटो शहर मे आयोजित अन्तरराष्ट्रीय स्तर की कराटे चॅम्पियनशिप में मारवाड़ के शुभ दहिया ने सिल्वर मेडल हासिल कर भारत का मान बढ़ाया है।

पीपा क्षत्रिय समाज के होनहार छात्र शुभ दहिया का अन्तरराष्ट्रीय कराटे स्पर्धा के लिए जापान जाने वाली भारतीय टीम के 13 खिलाड़ियों में चयन हुआ था। 17 अगस्त को जापान के कुमामोटो शहर में आयोजित इस कराटे स्पर्धा में अलग-अलग देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस स्पर्धा में शुभ दहिया ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते सिल्वर मेडल को भारत के नाम किया।

ग्यारहवीं कक्षा के छात्र 16 वर्षीय शुभ दहिया जैसलमेर के मूल निवासी दिलीप दहिया के सुपुत्र है। दिलीप दहिया अपने परिवार के साथ नागपुर में रहते हैं तथा वर्षों से वही कार्यरत हैं। शुभ दहिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता दिलीप दहिया और माता सोनल दहिया और प्रशिक्षक कोच डी डब्ल्यू डब्ल्यू ए कराटे अकॅडमी के प्रमुख प्रशिक्षक सोन सोनल दहिया और प्रशिक्षक कोच डी डब्ल्यू डब्ल्यू ए कराटे अकॅडमी के प्रमुख प्रशिक्षक सोनल चौधरी कडबे, शोकाई अकॅडमी के प्रमुख प्रशिक्षक सेन्साई सूरज गोडे सर, रिक्यू शोरीन रियो कराटे डॉ ऑफ इंडिया के प्रमुख प्रशिक्षक शिहान विनोद शेलके सर को दिया है।

इनके द्वारा शुभ को कराटे का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।

## राइजिंग राजस्थान समिट एम.ओ.यू. पर चर्चा

**जालोर**, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान सम्पादित एमओयू के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमें समिट के एमओयू से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप एमओयू के क्रियान्वयन के लिए निवेशकों से लगातार सम्पर्क कर भूमि आवंटन, भूमि रूपान्तरण व एनओसी से संबंधित प्रकरणों इत्यादि का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के साथ ही निवेशकों को प्रोजेक्ट क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों का समुचित समाधान सुनिश्चित करें।जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि जिले में अब तक 39 निवेशकों द्वारा 2812.86 करोड़ का निवेश किया जा चुका है एवं 31 निवेशकों द्वारा 8275.13 की परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

इस अवसर पर विद्युत विभाग के आर.के.मिश्रा, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, आरसेटी के राधेश्याम, पॉलिटेक्निल कॉलेज के प्राचार्य नरपत कुमार जीनगर, कृषि उपज मण्डी के सचिव कल्याणसिंह भाटी, राशी डंगायच, बलदेव सिंह, वेलाराम चौधरी व अशोक कुमार माली उपस्थित रहे।

# नशा नाश की जड़ है : डॉ. सारिका चौपडा




जालोर के राजकीय महिला महाविधालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में गुरुवार को को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत डॉ. सारिका चौपडा, जगतम्बा हॉस्पीटल, जालोर ने नशा मुक्ति की शपथ दिलायी एवं नशीले पदार्थों के उपयोग से होने वाली बीमारियों एवं दुष्परिणामों के बारे में सविस्तार बताया।

उन्होने कहा कि तम्बाकू बीडी, सिगरेट, गुटखा, शराब कोकिन, गांजा, अफीम इत्यादी मादक पदार्थों का उपयोग नही करने की अपील की। साथ ही इससे होने वाले कैंसर जैसी भयंकर बीमारी के बारे में जानकारी साझा की। इसके साथ डॉ. शिवानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये एवं छात्राओ की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं को शान्त किया एवं नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर पार्वती कुमारी पुत्री मदन लाल बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर भूमिका महेश्वरी पुत्री अनिल महेश्वरी बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर निकिता गोयल पुत्री ओमप्रकाश बी. एससी द्वितीय सेमेस्टर एवं रिया जैन पुत्री विनोद कुमार जैन बी. कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद इरफान ने अपने विचार व्यक्त किये जिसमें बताया कि मादक पदार्थों का उपयोग न करने की अपील की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने बताया कि नशा कोई भी हो यह न केवल आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समाज के लिए हानिकारक है। नशीली दवाओं के खतरे के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और नशीली दवाओ के नियंत्रण के लिए एक राष्ट्र व्यापी नशा जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। अतः नशा न करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर इस अभियान को आगे बढाना है।

इस अवसर पर डॉ. वगताराम चौधरी, डॉ. विक्रम टांक, रामबाबू मीना, जेठाराम आदि उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। राज्य के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावार ने गुरूवार को भागली सिंधलान व बागरा ग्राम पंचायत में आम रास्तों पर साफ-सफाई, जल निकासी व कचरा संग्रहण व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने भागली सिंधलान में कचरे का ढेर पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए विकास अधिकारी को तुरन्त प्रभाव से साफ-सफाई व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर कचरा संग्रहण पात्र लगाने के साथ ही कचरे के समुचित निस्तारण को लेकर अधिकारियों को पाबंद किया। उन्होंने बागरा में निरीक्षण के दौरान रहवासी क्षेत्र में आमजन से मुलाकात कर साफ-सफाई एवं ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा सड़क व नाली व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कॉलोनियों में जल भराव समस्या के निस्तारण एवं नालियों से ब्लॉकेज हटा पानी की समुचित निकासी किये जाने को लेकर ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत मुख्यालय पर साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से फीडबैक लेते हुए बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों के परिवाद सुनकर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन आदि मौजूद रहे।

# आमजन की परिवेदना का त्वरित निस्तारण करें : डॉ.प्रतिभा सिंह



जालोर में संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभा सिंह ने जनसुनवाई में लोगों की फरियाद सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकी.त परिवाद निवारण प्रणाली ''अटल जन सेवा शिविर'' के तहत संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने गुरुवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक तथा जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक में आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए त्वरित रूप से निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम बालवाड़ा में ओरण भूमि पर जारी आवासीय पट्टे की जांच संबंधी, ग्राम सांफाडा में देवस्थान की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने हेतु, जालोर नगर परिषद के माध्यम से पूर्ण हुए कार्यों के भुगतान संबंधित, जालोर नगर के गोडीजी स्तिथ जीनगर कॉलोनी में विधुत समस्या के निस्तारण संबंधी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ग्राम रतनपुरा में राजकीय स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण हटाने हेतु, जवाई कमांड नहरी क्षेत्र के पानी वितरण संबंधी, दिव्यांग नागरिक को रियायती दर पर भूमि आवंटन, राजस्व, शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। संभागीय आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जन सुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 44 परिवाद में से 7 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में दर्ज 6 प्रकरणों की सुनवाई हुई।

इस दौरान कलैक्टर डॉ. प्रदीप. के. गावंडे, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता माधाराम, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित, ज़िला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, सतर्कता शाखा के अनिल कुट्टी सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## 12 सदस्यों की टीम को पुरस्कार के लिए चुना

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अशक्तता अध्ययन एवं सशक्तिकरण केन्द्र के 12 सदस्यों की टीम को प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम फेलोशिप-2025 में शामिल होने के लिये चुना गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम फेलोशिप में चयनित होना एक अत्यधिक कठिन प्रक्रिया है, जिसमें दुनिया भर के 7500 से अधिक संस्थाओं से 60,000 से अधिक आवेदक शामिल है।

इस वर्ष केवल 290 से अधिक संस्थाओं (केवल 4 प्रतिशत) में 4,000 से अधिक मिलेनियम फेलो शामिल होंगे, और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर को उनमें शामिल होना राज्य एवं देश के लिये अत्यधिक गर्व का विषय है।

चयनित प्रतिभागियों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समय तुलस्यान, अर्जुन बजाज, छवि चावला, शानवी चंद्रा, युग गांधी, अथर्व द्विवेदी, मीनाक्षी मीना, रोहित मीना, रूथ अब्राहम, विभूति श्याम, भानु प्रकाश और विक्रम पटेल शामिल है।

उनकी परियोजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाकर सरकार और दिव्यांगजनों के मध्य की खाई को पाटना है। टीम कार्यस्थलों और संस्थानों में समावेशिता और सुगम्यता को प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यधारा के कार्यालयों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

# जालोर में गणपति मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 27 से

**जालोर**, (कासं)। शहर के गणेश चौक स्थित नवनिर्मित (जीर्णोद्वार) गणपति मन्दिर में 27 अगस्त को गणपति, पद्मावती एवं वरुणदेव की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश रामावत ने बताया कि शहर के गणेश चौक स्थित गणपति मन्दिर का जीर्णोद्वार कर नव निर्माण हुआ है I जिसमें आगामी 27 अगस्त (गणेश चतुर्थी) के दिन भगवान गणपति, पद्मावती एवं वरुणदेव की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बुधवार को कार्यालय का विधिवत उद्घाटन पंडित प्यारेलाल शर्मा के द्वारा पूजा अर्चना कर मंत्रोंच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक और समिति के गोकुल नारायण अरोडा, जगदीश रामावत, जगदीश सोनी, भूपेंद्र सोनी, अक्षय सोनी, शंकरलाल प्रजापत, जीवाराम माली, मधुसूदन गुप्ता, माधव अरोडा, कमल गुप्ता, मनमोहन अरोडा, त्रिभुवन दवे, ललित वैष्णव सहित बडी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश रामावत ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 25 से 27 अगस्त तक तीन दिन चलेगा I जिसमें प्रथम दिवस सोमवार को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक मंगलाचरण एवं कन्या पूजन के साथ जलयात्रा प्रारम्भ होगी, जलाशय पर वरुण पूजन, कलश पूजन, पूजन मंडप में कलश स्थापना, कन्याओं को भोजन करवाकर दक्षिणा दान दिया जायेगा। तत्पश्चात 9.30 बजे से 11 बजे तक गणेश गौरी के साथ मंडप प्रवेश, मण्डपांग गणपति पूजन, पुण्यहवाचन सहित अग्नि स्थापना, ग्रह स्थापना एवं सायंकालीन पूजन व आरती होगी। द्वितीय दिवस 26 अगस्त को पंचांग पूजन, नित्य पूजन के साथ प्रधान हवन प्रारम्भ, स्थापित देवताओं के लिये आहुति शान्तिक पौष्टिक कर्म मूर्तियों का देव संपन्, प्रासाद वास्तु, प्रसाद पूजन, कूर्म शिला पूजन शय्याधिवास एवं सायंकालीन आरती के साथ रात्रि आठ बजे से प्रसिद्ध भजन गायक छोटूसिंह रावणा एवं मंदसौर की अधिष्ठा अनुष्का द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। तृतीय व अंतिम दिवस बुधवार गणेश चतुर्थी को प्रातः 11 बजे देव उत्थापन, तोरण वंदन, मोबण स्थापन, मूर्ति स्थापन, शिखर कलश स्थापना, ध्वजा दण्ड स्थापना, सभी मूर्ति स्थापना के साथ पूजन, पुष्प वर्षा, तोप धमाका, महाआरती, प्रसाद वितरण, मण्डपांग देवता विसर्जन, साधु महात्माओं का सम्मान एवं भेंट पूजा, चढावे वालों का सम्मान तथा महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी।

तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे शहर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है I साथ ही कार्यक्रम की तैयारिया जोरो पर चल रही है। पूरे सदर बाजार को सजाया जा रहा है। मंदिर को अत्यंत आकृषित सजाने का कार्य किया जाकर फूलों व लाइटिंग से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए विभिन्न कार्य समितियों का गठन किया गया है।

## महावीर इंटरनेशनल पाली के अध्यक्ष व सचिव का सम्मान

**पाली**, (नि.सं.)। महावीर इन्टरनेशनल के अध्यक्ष तेजपाल जैन एवं सचिव नवीन मेहता को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिडला, उपराज्यपाल लद्दाख कविन्द्र गुप्ता, केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में वर्ष 2022 से 2025 तक के महावीर इन्टरनेशनल द्वारा चिकित्सा एवं रक्तदान, पर्यावरण, सामाजिक सरोकार, जन हितार्थ के क्षैत्र में सराहनीय कार्य पर वीर तेजपाल जैन एवं वीर नवीन मेहता को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल उत्तराखण्ड, अशोक मित्तल पंजाब, धर्मशीला गुप्ता बिहार, सुजितकुमार उड़िसा, रमेश तेली असम, लोकसभा सदस्य दामोदर अग्रवाल राजस्थान, सुधीर गुप्ता, मध्यप्रदेश, डॉ. संजय जायसवाल आदि ने बधाई दी।

